**भोजपुर जिला मुख्यालय अंतर्गत अंचल आरा, मौजा पकड़ी, थाना नं0-236, खाता-377, खेसरा-767 रकवा-4050 वर्गफीट एवं मौजा पकड़ी, थाना-236, खाता-312, खेसरा-743, रकवा-17550 वर्गफीट कुल रकवा 21600 वर्गफीट खसमहल, बिहार सरकार की भूमि पर खेल भवन-सह-व्यायामशाला का निर्माण कार्य के लिए दिनांक: 28.11.2018 को प्राप्त ई0-पुनर्निविदा का तकनीकी बीड निस्तार के लिए निगम निविदा समिति का दिनांक 04.01.2019 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

उपस्थिति:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **श्री अमित कुमार,** प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री उपेन्द्र नारायण,** अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | सदस्य |
| 3. | **श्री रवि शंकर चौधरी,** संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | सदस्य |
| 4. | **श्री राकेश कुमार,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |
| 5. | **श्री तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |
| 5. | **श्री रंजित प्र0 सिंह,** महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |

**कार्यवाही:-**

**1.योजना का नाम:-** भोजपुर जिला मुख्यालय अंतर्गत अंचल आरा, मौजा पकड़ी, थाना नं0-236, खाता-377 खेसरा-767, रकवा-4050 वर्गफीट एवं मौजा पकड़ी, थाना-236, खाता-312, खेसरा-743, रकवा-17550 वर्गफीट कुल रकवा 21600 वर्गफीट खसमहल, बिहार सरकार की भूमि पर खेल भवन-सह-व्यायामशाला का निर्माण कार्य

| | |
|---|---|
| **2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹661.00 लाख |
| **3.प्रावैधिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹724.56 लाख **(अनुज्ञेय सीमा के अधीन)** |
| **4.परिमाण विपत्र की राशि:-** | ₹6,65,97,187/- |
| **5.निविदा प्राप्त करने की तिथि:-** | 28.11.2018 |
| **6.निविदा खोलने की तिथि:-** | 30.11.2018 |
| **7.निविदा प्रसारण का माध्यम:-** | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| **8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम:-** | दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान, दिनांक 27.10.18 |
| **9.प्रकाशन का पी0आर0 संख्या:-** | 10454 (Ni.Ni) 2018-19 |

**10. तकनीकी मूल्यांकन समिति की समीक्षा:-**

**प्रथमवार आमंत्रित निविदा:-** राष्ट्रीय स्पर्द्धा ई0-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-15/2018-19, जिसका पी0आर0 सं0-3134 (नि0नि0) 2018-19 है में एक निविदादाता द्वारा भाग लिया गया था, लेकिन निगम का आदेश का पत्रांक-2240, दिनांक: 28.07.2018 के द्वारा उक्त निविदा को रद्द कर दिया गया था।

द्वितीयवार आमंत्रित पुनर्निविदा (वर्त्तमान):- इस निविदा में छः निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया, जिनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पटना द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया जो निम्नवत्त है:-

प्रथम निविदादाता "मेसर्स जय बजरंग कंस्ट्रक्शन, सिंह कॉलोनी, पकड़ी चौक, थाना-नवादा, आरा, भोजपुर" है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

द्वितीय निविदादाता "गंगा इन्टरप्राइजेज, एच0 ओ0-गोला घाट, बक्सर, ग्राम+पो0-देवरिया, भोजपुर-802159" है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की Sec. 2-1.5 के तहत इनके द्वारा Water Tank संबंधी वांछित कागजात संलग्न नही किया गया है। अतएव समिति द्वारा इन्हें नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

तृतीय निविदादाता ''जय माता दी एण्ड माँ सीता कंस्ट्रक्शन, ग्राम-खैराही, पी0ओ0-पॉचपोखरी, थाना-बाघैला, रोहतास'' है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

चतुर्थ निविदादाता ''चिन्तामणी उपाध्याय, मौला बाग, आरा'' है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की कंडिका 4.5A(c), के तहत इनके द्वारा फर्नीचर कार्य का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न नही किया गया है। अतएव समिति द्वारा इन्हें नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

पंचम निविदादाता ''हजरत बेलाल, ग्राम-बुधी जेटवार, तरारी, भोजपुर'' है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया, पर इनके द्वारा दिनांक 03.01.2019 को निविदा वापस लेने का अनुरोध किया गया है। अतएव समिति द्वारा इनकी निविदा को अमान्य करते हुए Deposited EMD की राशि ₹13,32,000/- (तेरह लाख बतीस हजार रुपये) मात्र को जब्त करने हेतु अनुशंसा की गयी है।

षष्टम् निविदादाता ''मेसर्स त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन, के0 जी0 रोड, आरा, जिला-भोजपुर'' है, द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की Sec. 2-1.5 के तहत इनके द्वारा Water Tank संबंधी वांछित कागजात संलग्न नही किया गया है। अतएव समिति द्वारा इन्हें नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

## 11. निगम निविदा समिति का निर्णय:-

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तकनीकी मूल्यांकन समिति की दिनांक 03.01.2019 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में इस निविदा के दो निविदादाता (i) मेसर्स जय बजरंग कंस्ट्रक्शन, सिंह कॉलोनी, पकड़ी चौक, थाना-नवादा, आरा, भोजपुर एवं (ii) जय माता दी एण्ड माँ सीता कंस्ट्रक्शन, ग्राम-खैराही, पी0ओ0-पॉचपोखरी, थाना-बाघैला, रोहतास को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है तथा शेष चार निविदादाता (i) गंगा इन्टरप्राइजेज, एच0 ओ0-गोला घाट, बक्सर, ग्राम+पो0-देवरिया, भोजपुर-802159, (ii) चिन्तामणी उपाध्याय, मौला बाग, आरा, (iii) मेसर्स त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन, के0 जी0 रोड, आरा, जिला-भोजपुर एवं (iv) हजरत बेलाल, ग्राम-बुधी जेटवार, तरारी, भोजपुर को असफल घोषित करते हुए निविदा में जमा कुल ₹13,32,000/- (तेरह लाख बतीस हजार रुपये) मात्र का अग्रधन की राशि को जब्त किया जाता है। साथ ही श्री बेलाल के द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच कराने का निर्णय लिया जाता है। जॉचोपरांत प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होने पर विधिसम्मत कार्रवाई हेतु महाप्रबंधक (दक्षिण) प्रस्ताव देंगे, जिस पर निगम द्वारा त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक 12.01.2019 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा से संबंधि किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य महाप्रबंधक पुनः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की पूर्न बैठक आहूत कर अनुशंर के साथ अगली निगम निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

13. निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 4.1.19<br>(रंजित प्र0 सिह)<br>महाप्रबंधक (दक्षिण)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 04.01.19<br>(तपेश्वर प्र0 साह)<br>महाप्रबंधक (वित्त)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 4.01.19<br>(राकेश कुमार)<br>मुख्य महाप्रबंधक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |
| (रवि शंकर चौधरी)<br>संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | (उपेन्द्र नारायण)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | 4/1/19<br>(अमित कुमार)<br>प्रबंध निदेशक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |